# तीन सहेलियों का ब्रेनवॉश कर कराया धर्म परिवर्तन

- पीड़िताओं ने कहा कई बार किया दुष्कर्म
- बुर्का पहनकर पहुंची नाबालिग तो सामने आया मामला




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। जिले में एक बार फिर नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म कर उकना धर्म परिवर्तन किये जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में जहां पुलिस ने एफआईआर दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी, तो वहीं घटना के बाद हिन्दू संगठनों में खासा रोष देखने को मिल रहा है। दरअसल यह सारा मामला उस समय उजागर हुआ जब एक नाबालिग लड़की बुर्का पहनकर अपने गांव पहुंची, जहां उसने अपने साथ सारी घटना अपनी मां को बताई। इसके बाद मां अपनी बेटी के साथ पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।**

जानकारी के अनुसार गुरूवार को फरियादिया मां अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ थाने पहुंची, जहां उसने बताया कि अल्तामश खान निवासी चेतक ब्रिज, हबीबगंज भोपाल द्वारा पिपरई रेलवे स्टेशन पर बहला-फुसलाकर ट्रेन से भोपाल ले गया था, जहां पीड़िता का हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर कई बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इसी प्रकार पीड़िता की दो अन्य दो सहेलियां जिनकी उम्र 14 एवं 15 वर्ष है उन्हें भोपाल ले जाया गया और वहां हिन्दू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराते हुए उसने भी दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा तीन सहेलियों का ब्रेनवॉश किया गया था, जिसके चलते वह बुर्का पहनकर गुप्त रूप से आई थी।

पिपरई निवासी तीन सहेलियों के साथ दुष्कर्म और धर्मांतरण कराये जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। जिसमें अल्तमश खान निवासी चेतक ब्रिज भोपाल, आहत शेख निवासी जिंसी भोपाल एवं अरहान अली निवासी जिंसी गल्ला मंडी भोपाल के नाम सामने आए। बताया जा रहा है कि तीन आरोपी आपस में अच्छे मित्र है, जिन्होंने तीन नाबालिग लड़कियों को ब्रेन वॉश करते हुए उन्हें बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए.

### कई बार किया दुष्कर्म

पीड़िता ने बताया कि उसे जबरन भोपाल के एक स्थान और अन्य स्थानों पर ले जाया गया, जहां आरोपी द्वारा जबरन उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। यह गलत काम आरोपी ने उसके साथ एक बार नहीं बल्कि महीनों किया। इसी प्रकार अन्य लड़कियों के साथ ही आरोपियों की दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अपराध पंजीवद्ध करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 137 2, 64(2)एम, 65 1 बीएनएस, 3/4, 5 एल/6, पोस्को एक्ट, धारा 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, धारा 3 (2)व्ही एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

### इनका कहना है

*तीन नाबालिग सहेलियों के साथ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने खुद पहुंचकर सारी बात बताई है। जिसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच की शुरू की गई है। जांच में भी जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसके हिसाब से कार्यवाही की जाएगी। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।*

**विवेक शर्मा,**
एसडीओपी, अशोकनगर

## रोजगार मेले में 184 युवाओं का चयन

**सीहोर.** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया. मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता अनुसार चयन किया गया. रोजगार मेले में कुल 242 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया तथा कुल 184 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया. रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा युवा संगम कार्यक्रम में मंच से 02 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति के प्रमाण पत्र वितरित किए गए. इनमें पशुपालन डेयरी विभाग द्वारा अशोक उमराव सिंह एवं सुश्री मंजू वर्मा को 02 लाख 95 हजार रुपए का ऋण वितरित किया गया. इस अवसर पर प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल

# अधिकारी के आश्वासन के बाद भी नहीं पहुंच रहा पानी

**ठेकेदार ने जल जीवन मिशन के कार्य में सड़क की खुर्द-बुर्द**

**कलेक्टर के कहने के बाद भी लोग पेयजल के लिए परेशान**




**नवभारत न्यूज,**
**टीकमगढ / मोहनगढ़।**

**मोहनगढ़ कस्बे में बीते 4 साल से जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का कार्य प्रगति पर है, निर्माण कार्य में ठेकेदार की निरंतर लापरवाही सामने आ रही है। जिसकी शिकायतें ग्रामीणों के द्वारा कई बार जिम्मेवारों से की गई लेकिन मोहनगढ़ कस्बे को नल से जल आज तक नहीं मिल पाया है। इतना ही नहीं बीते दिनों मोहनगढ़ में आयोजित जनसुनवाई शिविर में कलेक्टर से ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई थी जिस पर कलेक्टर ने तुरंत व्यवस्थाएं सुधारने को लेकर जिम्मेवारों को मौखिक आदेश दिए थे।**

ग्रामीणों का आरोप है कि एचपी विभाग के जतारा एसडीओ और ठेकेदार की मिली भगत के कारण मोहनगढ़ में पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मियों का समय आ गया है पानी की बहुत बड़ी किल्लत है इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा पानी को लेकर कोई इंतजाम नहीं किया जा रहे हैं जिससे लोग परेशान है इतना ही नहीं ठेकेदार के द्वारा सड़क के बीचों-बीच गहरी खाई खुद कर छोड़ दी गई है जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की ग्रामीणों की माने तो यहां पर आए दिन सड़क हादसे सामने आ रहे हैं।

बीते जल संसाधन विभाग के कनिष्ठ यंत्री हर्ष राय से बात की गई तो उनका कहना था कि 15 अप्रैल के पहले मोहनगढ़ की हर मोहल्ले में नल से जल पहुंच जाएगा लेकिन 15 अप्रैल बीत जाने के बाद यह सब संभव नहीं हो पाया.

### पक्की सड़क को पहुंचाई क्षति

ठेकेदार के द्वारा कस्बे की पक्की सड़क क्षतिग्रस्त कर दी गई जिससे आए दिन सड़क हादसे जैसी स्थिति सामने आ रही है सड़कों की मरम्मत के साथ पानी को लेकर ठेकेदार द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। हरिराम वंशकार ने बताया कि हमारे मोहल्ले के लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए 1 किलोमीटर दूर से पानी का इंतजाम करते हैं लंबे समय से हमारे मोहल्ले में पानी नहीं आ रहा है जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। बीते दिनों मोहनगढ़ में जनसुनवाई शिविर में कलेक्टर से ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई थी।




## ध्वनि चिकित्सा प्रक्रिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. भारतीय स्त्री शक्ति एवं सिद्धासना एवं जीवन शैली के संयुक्त तत्वावधान में ध्वनि चिकित्सा एवं अभिव्यक्ति प्रक्रिया के प्रशिक्षण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि- शब्दों में शक्ति होती है और ध्वनि में उपचार की क्षमता. जब हम ध्वनि चिकित्सा और अभिव्यक्ति प्रक्रिया को एक साथ जोड़ते हैं. डॉ. प्रतिभा तिवारी द्वारा रचित अध्यात्म प्रतिभा पुस्तक का विमोचन किया गया. मुख्य वक्ता बेंगलौर से उपस्थित नम्रता मेहता ने कहा कि सकारात्मक ध्वनि अपनाइए, और प्रभावशाली अभिव्यक्ति विकसित कीजिए. मुख्य अतिथि श्रीमती सुष्मिता ठाकुर ने कहा कि ध्वनि जब चिकित्सा बनती है तो मन को ठीक करती है.

# नपा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव पारित

**नवभारत न्यूज**

**गुना। नगर पालिका परिषद गुना द्वारा गुरुवार को संसद द्वारा पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के समर्थन में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया गया। परिषद की इस विशेष बैठक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए केंद्र सरकार के कदमों की सराहना की गई और इस अधिनियम को देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक युगांतरकारी कदम बताया गया।**

नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को त्वरित गति से लागू करने के लिए विशेष संसदीय सत्र बुलाना एक साहसिक निर्णय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दशकों से लंबित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को अनिश्चितकाल तक टालने के बजाय 2029 के आम चुनाव से पहले ही सुनिश्चित करने का प्रयास महिलाओं को केवल मतदाता की भूमिका से निकालकर सीधे राष्ट्र निर्माता बनाएगा।



### इन जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

बैठक में मुख्य रूप से पार्षद कैलाश धाकड़, विनोद लोधा, महेश कुशवाह, ओम प्रकाश कुशवाह, राजू ओझा, बबीता साहू, रश्मि शर्मा, अनिता कुशवाह, कीर्ति सरवैया, फूलबाई ओझा, सुशीला कुशवाह, संध्या सोनी, राजकुमारी जाटव, कृष्णा मौर्य, नीता कुशवाह, तरन्नुम खान, विमला साहू, सुनीता शर्मा और राधा कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ड्यूटी से लौटते समय हुआ हादसा, मौके पर ही तोड़ा दम

**लटेरी.** आनंदपुर रोड पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान बिजय शर्मा पिता पुरुषोत्तम शर्मा, निवासी ग्राम दोलरा के रूप में हुई है.प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजय शर्मा ग्राम मुरवास में बिजली कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत था. वह ड्यूटी समाप्त कर अपने गांव दोलरा लौट रहा था, तभी आनंदपुर रोड स्थित मुर्गी पालन के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी.हादसा इतना भीषण था कि युवक के चेहरे पर गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव होने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई.घटना की सूचना मिलते ही लटेरी पुलिस मौके पर पहुंची.

# सीईओ से लेकर कुलगुरु तक की गाड़ियों पर हूटर

### पुलिस मुख्यालय के आदेशों की सरेआम अवहेलना, छात्र संगठनों में आक्रोश




**नवभारत न्यूज**

**गुना 16 अप्रैल का। जिला मुख्यालय सहित पूरे अंचल में इन दिनों रसूख और पद की नुमाइश करने के लिए नियमों को ताक पर रखने का चलन बढ़ गया है। ताजा मामला सरकारी वाहनों पर नियम विरुद्ध तरीके से लगाए गए हूटरों का है।**

वहीं अभी कई नेताओं ने अपने वाहनों को हूटर के रसूख से सजा रखा है। इनमें विधायक से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष तक शामिल हैं। वहीं जिले में पदस्थ कई प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षण संस्थानों के प्रमुख अपने निजी और शासकीय वाहनों पर धड़ल्ले से हूटर का उपयोग कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर पुलिस मुख्यालय के निर्देशों और मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है।

> हैरानी की बात यह है कि नियम का पालन कराने वाले जिम्मेदार ही इनका उल्लंघन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जिले में पदस्थ कई जनपद पंचायत सीईओ और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, जैसे क्रांतिवीर तात्याटोपे कॉलेज के कुलगुरु, की गाड़ियों पर अवैध रूप से हूटर लगे देखे जा सकते हैं। कुलगुरु की गाड़ी पर हूटर होने के मामले ने तो इतना तूल पकड़ा कि छात्र संगठनों ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया.

# 41.7 डिग्री के साथ सीजन का सबसे गर्म दिन रहा गुरुवार

**गुना। जिले में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार, 16 अप्रैल को गुना में इस सीजन का सबसे अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जिससे पूरा शहर भट्टी की तरह तप उठा। सूरज की तपिश और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग भीषण गर्मी से हलाकान नजर आए।**

मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री तक जा पहुँचा, जो इस सीजन का अब तक का सर्वाधिक स्तर है। वहीं, न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी की कमी के कारण गर्मी और अधिक चुभने वाली महसूस हुई। सुबह के समय आर्द्रता 32 प्रतिशत रही, जो शाम होते-होते घटकर महज 19 प्रतिशत रह गई, जिससे शुष्क गर्मी का प्रभाव बढ़ गया। सुबह 5:57 बजे सूर्योदय के साथ ही धूप की तपिश महसूस होने लगी थी और दिन चढ़ते-चढ़ते लू के थपेड़ों ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। शाम 18:44 बजे सूर्यास्त के बाद भी वातावरण में गर्माहट बनी रही। गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों और सूती कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि बढ़ते तापमान को देखते हुए दोपहर के समय अनावश्यक बाहर न निकलें और शरीर में पानी की कमी न होने दें।

## एक नजर में




### आक्सफोर्ड हाई स्कूल में मना ग्रेजुएशन उत्सव

**इछावर.** आक्सफोर्ड हाईस्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन उत्सव मनाया गया. मुख्य अतिथि इंजी. अनुराग शर्मा थे. अध्यक्षता डा. बीना जे .कुरियन ग्रुप संस्था प्रमुख ने की. कार्यक्रम में रोबी मेथ्यू और रीतेश राठौर विशेष अतिथि थे. मुख्य अतिथि शर्मा एवं डा. बीना जे कुरियन ने बच्चों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर उत्साहवर्धन किया.प्री प्राईमरी से प्राईमरी कक्षा में जाने पर प्राचार्या संगीता मसीह ने बच्चों को आशीष दिया. वरिष्ठ शिक्षक विनीत शर्मा, मधु अग्रवाल, सरिता शर्मा, शिवा ने बधाई दी. कार्यक्रम में प्रियंका वर्मा,रितु वर्मा, अनिता मकरैया,गंगा परमार, दुर्गा शर्मा, विनीता परमार, पूजा वर्मा, संध्या यादव उपस्थित थे. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया. इंशा अजीम ने कक्षा10 वीं में 91 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया .संचालन प्रियंका वर्मा ने किया.

### एमएलबी स्कूल की छात्राओं ने गाड़ा सफलता का झंडा

**गुना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय की 101 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शासन की लैपटॉप योजना के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी बेहद सराहनीय रहा। हाई स्कूल का कुल परिणाम 85 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी का परिणाम 88 प्रतिशत दर्ज किया गया। कक्षा 10वीं में छात्रा लक्ष्मी धाकड़ ने 500 में से 472 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय की छात्रा शिवांशी जाटव 500 में से 457 अंक के साथ विद्यालय की टॉपर रहीं। प्राचार्य मृदुला सक्सेना ने टॉपर छात्राओं का मुंह मीठा कराकर और माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। विद्यालय में हाई स्कूल की 201 छात्राएं प्रथम श्रेणी, 26 द्वितीय और 1 छात्रा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। जबकि हायर सेकेंडरी में 330 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी और 50 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

### वाहन चालकों से 69 हजार रुपए जुर्माना वसूला

**गंजबासौदा.** नगर में चलाए गए विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 69 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया .जांच के दौरान कई ऐसे वाहन पाए गए, जिनके पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही वाहन का बीमा कराया गया था. इसके अलावा कई जर्जर वाहन भी सड़कों पर दौड़ते मिले, जो दुर्घटना का कारण बन सकते हैं .अधिकारियों ने ऐसे वाहनों को रोककर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही चालान काटकर जुर्माना वसूला.

### खाद विक्रेताओं को नोटिस जारी

**टीकमगढ़।** कृषि विकास मनोज कश्यप द्वारा ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद का वितरण नहीं करने पर खाद विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि समयावधि में स्पष्टीरण का जबाव प्रस्तुत नहीं करने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कार्यवाही कर उर्वरक लायसेंस निलंवन, निरस्त की कार्यवाही की जायेगी। मेसर्स संतोष दुबे लार द्वारा एक से 7 अप्रैल 2026 तक यूरिया 6 बोरी का वितरण बगैर ई-विकास पोर्टल ई-टोकन के आईएफएमएस पोर्टल पर पीओएस मशीन से बिक्रय किया गया। इसीप्रकार शिवशक्ति खाद भंडार बल्देवगढ़ द्वारा एक से 7 अप्रैल 2026 तक यूरिया 20 बोरी तथा एनपीके की 10 बोरी, द्वारकाधीश बीज भंडार बल्देवगढ़ द्वारा 3 अप्रैल 2026 को यूरिया 3 बोरी डीएपी 2 बोरी, जयंती बीज भण्डार बल्देवगढ़ द्वारा एक से 7 अप्रैल 2026 तक यूरिया 14 बोरी, एसएसपी 20 बोरी तथा जगदीश असाटी खाद भण्डार बल्देवगढ़ द्वारा एक से 7 अप्रैल 2026 तक यूरिया 4 बोरी का वितरण बगैर ई-विकास पोर्टल के आईएफएमएस पोर्टल पर पीओएस मशीन से बिक्रय किया गया।



## छात्राओं का स्कूल में सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**गौरझामर 16 अप्रैल. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है.**

दसवीं कक्षा से मुस्कान अहिरवार 97%, वंशिका शर्मा 96.6%, कीर्ति विश्वकर्मा 95.6%, नमिता अहिरवार 94%, साक्षी साहू 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है. कक्षा बारहवीं से स्नेहा लोधी 94.6, कुंती लोधी 92, आरती सेन 91.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय व परिवार का मान बढ़ाया. विद्यार्थियों को प्राचार्य श्री लोधी द्वारा सम्मानित किया गया. जिसमें सभी शिक्षक उपस्थित रहे.

# खेतों की जमीन में पनप रही अवैध कालोनी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 16 अप्रैल, शहर में तेजी से विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों की समस्या अब गंभीर रूप लेती जा रही है. शहर के आसपास 50 से अधिक अवैध कॉलोनियां बस चुकी हैं, जहां रह रहे लोगों को आज तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं.**



भूमाफियाओं पर लगाम कसने और कार्यवाही के नाम पर नोटिस देने का खेल खेला जा रहा है.एक बार फिर करीब दो दर्जन के आसपास कालोनाइजर को नोटिस जारी किए गए हैं.खास बात है कि अवैध कालोनियों में बिक रहे प्लाटों की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई और नामांतरण पर भी रोक लगा दी लगी होने के बाद भी भी अवैध कालोनियों में प्लाट बिक रहे है. हाल ही में सबसे ज्यादा अवैध कालोनी वायपास के पास आकार ले रहीं है.अवैध कालोनी में प्लाट खरीदकर मकान बनाने वाले लोग परेशान हो रहे हैं. अपनी समस्या को लेकर गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गोकुल धाम कॉलोनी के बड़ी संख्या में रहवासी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई.

रहवासियों ने बताया कि वे पिछले लगभग 9 वर्षों से गोकुल धाम कॉलोनी में निवास कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें पानी, बिजली, सड़क, नाली जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

> रहवासियों ने आरोप लगाया कि अवैध कॉलोनियों के प्लॉट बेचने के समय कॉलोनाइजरों द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया गया था, लेकिन अब वे अपने वादों से मुकर गए हैं.इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है. ज्ञापन के माध्यम से रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलोनी को नियमित कर जल्द से जल्द बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. साथ ही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जिम्मेदार कॉलोनाइजरों पर भी कार्रवाई की जाए. शहर में बढ़ती अवैध कॉलोनियों का मुद्दा अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है.

**सड़क हादसा** | हादसों के लिए कुख्यात बिलकीसगंज जोड़ पर हादसा, ट्रैक्टर में दबे युवकों को बमुश्किल निकाला

# ट्रक की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर- ट्राली, दो गंभीर घायल

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 16 अप्रैल. जिला मुख्यालय के समीप हाईवे स्थित झागरिया जोड़ पर बुधवार देर रात करीब 11.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 3744 ने गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली क्र. एमपी 37 जेड 9024 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई, जिससे उसमें सवार ग्रामीण घायल हो गए.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्राम मोगराराम के कृषक गेहूं लेकर मंडी विक्रय के लिए जा रहे थे. बताया जाता है कि जैसे ही वह झागरिया जोड़ के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. हादसे के बाद ट्रॉली में भरा गेहूं सड़क पर बिखर गया और ट्रैक्टर पर बैठे दो ग्रामीण उसके नीचे दब गए जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई.

इस घटना में ट्रैक्टर चालक 30 वर्षीय अर्जुन पिता सजन सिंह एवं 25 वर्षीय धीरज पिता सुंदरलाल निवासी ग्राम मोगराराम, घायल हो गए. हादसे के बाद मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला. इसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है.

सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस एवं एफआरवी वाहन तत्काल मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया, क्योंकि हादसे के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर आवागमन प्रभावित हो गया था. इसके साथ ही ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया. हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है.



पचामा मार्ग पर एक फोर्स वाहन और स्विफ्ट कार के बीच जोरदार भिड़ंत

### पचामा मार्ग पर फोर्स और स्विफ्ट के बीच भिड़ंत

जिला मुख्यालय के समीप पचामा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. राजपूत ढाबे के पास फोर्स गाड़ी और स्विफ्ट कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि स्विफ्ट कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया.

## नारी शक्ति वंदन में कार्यक्रम संपन्न

**टीकमगढ़।** नारी शक्ति बंदना कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के ऊदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में परियोजना ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर तखा के ग्राम पंचायत तखा में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम एवं पोषण पखवाड़ा बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की बालिकाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें उन्होंने गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए नारी सशक्तिकरण एवं पोषण संबंधी संदेश दिए।